भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **2216** जिसका उत्तर

शुक्रवार, **29 जुलाई**, 2022/07 श्रावण, 1944 (शक) को दिया जाना है

राष्ट्रीय जलमार्ग-4 परियोजना का विकास

†2216. श्री अदला प्रभाकर रेड्डी :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सागरमाला योजना के तहत पोर्ट कनेक्टिविटी के लिए कृष्णा नदी पर विजयवाड़ा से गलगली तक राष्ट्रीय जलमार्ग-4 परियोजना के विकास की दिशा में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है; और

(ख) अब तक आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री

(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): विजयवाड़ा से गलगली के बीच का कृष्णा नदी का जलखंड, घोषित राष्ट्रीय जलमार्ग-4 का हिस्सा है। इस जलखंड में, भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्ल्यूएआई) द्वारा आंध्र प्रदेश में कृष्णा नदी पर विजयवाड़ा से मुक्तयाला के बीच निम्नलिखित विकास कार्य किए गए हैं:-

1. चार फ्लोटिंग जेट्टियों की तैनाती
2. नौवहन संबंधी उद्देश्यों के लिए जलखंड में ड्रेजिंग
3. मुक्तयाला, हरिचंद्रपुरम और इब्राहिमपट्टनम में तीन रो-रो टर्मिनलों के निर्माण हेतु राज्य सरकार के साथ भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया की शुरुआत की गई।

तथापि, सागरमाला परियोजना के अंतर्गत इस जलखंड में कोई भी विकास कार्य नहीं किया गया है।

(ख): 96 करोड़ रु. की स्वीकृत परियोजना लागत में से, 30.06.2022 तक 54.08 करोड़ रु. का प्रयोग किया गया है।

*****